# PAPER-II
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 9 1 4**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## EDUCATION
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following is not the purpose of educational philosophy ?
(A) To professionalize the job of teaching
(B) To increase the teachers love of and control over the students
(C) To critically examine assumptions behind educational practice
(D) To clarify values and aims in teaching.

**2.** The phrase "equal educational opportunities" in India means
(A) equal opportunities for all children to have access to higher education.
(B) equalities of educational opportunities for each child.
(C) equality of the type of education available for each child.
(D) equal opportunities to have the type of education for which one is suited.

**3.** To educate according to 'nature' means
(A) to return to the natural as opposed to the artificial in life.
(B) to educate according to the natural laws of human development
(C) to study natural laws and apply them to the educational process
(D) All the above are correct.

**4.** The teaching of Froebel grew out of his belief that
(A) aim of education was self realization.
(B) spiritual meaning lay behind all phenomena even play.
(C) the method of education should be self-activity.
(D) All the above answers are correct.

**5.** In the Dewey theory of how we think
(A) the experimental method is used exclusively.
(B) the logical method of inquiry is used exclusively.
(C) the ideas produced by any method must be tested in experience.
(D) none of the above.

**6.** From the angle of epistemology
(A) the naturalist says truth must be obtained through objective rather than subjective means.
(B) the idealist rejects dualism of man and nature by making man a part of nature.
(C) the realist maintains that truth is arrived at through logical contemplation and revelation.
(D) the pragmatist says man is a product of biological evolution.

**7.** Madhyama Pratipada is a cardinal principle of
(A) Jainism
(B) Buddhism
(C) Vedanta Philosophy
(D) Sankhya

**8.** Integral education is a concept given by
(A) Aurobindo
(B) J. Krishnamurthy
(C) M.A. Kalam Azad
(D) Annie Beasant

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा उद्देश्य शिक्षा-दर्शन का उद्देश्य नहीं है ?

(A) अध्यापन कार्य का व्यवसायीकरण करना ।

(B) छात्रों के प्रति अध्यापक के प्रेम और उन पर अध्यापक के नियंत्रण में वृद्धि करना ।

(C) शैक्षिक प्रक्रिया की आधारिक पूर्व धारणाओं की विवेचनात्मक जाँच करना ।

(D) अध्यापन कार्य में मूल्यों तथा लक्ष्यों का स्पष्टीकरण करना ।

**2.** भारत में 'समान शैक्षिक अवसर' वाक्यांश का अर्थ है

(A) उच्च शिक्षा प्राप्ति के सभी बच्चों के लिये समान अवसर

(B) प्रत्येक बच्चे के लिये शैक्षिक अवसरों की समानता

(C) जिस प्रकार की शिक्षा बच्चों के लिये उपलब्ध है, उसमें प्रत्येक बच्चे को समान अवसर

(D) जिस प्रकार की शिक्षा के लिये कोई बच्चा उपयुक्त है, उसके लिये उसे समान अवसर

**3.** "प्रकृति" के अनुसार शिक्षित करने का अर्थ है

(A) जीवन में कृत्रिम के उलट, प्राकृतिक की ओर वापस जाना ।

(B) मानव विकास के प्राकृतिक नियमों के अनुसार शिक्षित करना ।

(C) प्राकृतिक नियमों का अध्ययन करना तथा उन्हें शैक्षिक प्रक्रिया पर लागू करना ।

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं ।

**4.** फ्रोएबेल का शिक्षण उसके इस विश्वास से विकसित हुआ कि

(A) शिक्षा का लक्ष्य आत्मानुभूति है ।

(B) आध्यात्मिक अर्थ समस्त परिघटनाओं, यहाँ तक कि खेल में भी छिपा है ।

(C) शिक्षा की विधि को स्व-सक्रियतापूर्ण होना चाहिए ।

(D) उपर्युक्त सभी उत्तर सही हैं ।

**5.** डिवी महोदय के सिद्धांत में, हम सोचते कैसे हैं

(A) एकमात्र प्रयोगात्मक विधि का उपयोग होता है ।

(B) खोज की तर्कमूलक विधि का एकमात्र उपयोग होता है ।

(C) किसी भी विधि द्वारा उत्पन्न विचार का अनिवार्यत: अनुभव में परीक्षण किया जाना चाहिए ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** ज्ञानमीमांसा के दृष्टिकोण से

(A) प्रकृतिवादी कहते हैं कि सत्य को व्यक्तिनिष्ठ साधनों की अपेक्षा वस्तुनिष्ठ साधनों से प्राप्त किया जाना चाहिए ।

(B) आदर्शवादी, मानव को प्रकृति का एक भाग बनाकर, मानव तथा प्रकृति के द्वैतवाद को अस्वीकार करते हैं ।

(C) यथार्थवादी यह मानते हैं कि तर्कमूलक चिंतन-मनन तथा प्रकटन के माध्यम से सत्य तक पहुँचा जाता है ।

(D) व्यावहारिकतावादी कहते हैं कि मनुष्य जैविक क्रमविकास का उत्पाद है ।

**7.** मध्यमा प्रतिपदा किसका एक मूलभूत सिद्धांत है ?

(A) जैन दर्शन (B) बौद्ध दर्शन

(C) वेदान्त दर्शन (D) सांख्य दर्शन

**8.** समग्र शिक्षा की संकल्पना किसका योगदान है ?

(A) अरबिंदो

(B) जे. कृष्णमूर्ति

(C) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(D) ऐनी बेसन्ट

9. The Jain epistemology considers a five stage hierarchy of knowledge. Which of the following is the proper order of different levels of knowledge ?
(A) Mati, Shruti, Manahparyava, Avadhi, Kaivalya
(B) Shruti, Mati, Avadhi, Manahparyava, Kaivalya
(C) Mati, Shruti, Avadhi, Manahparyava, Kaivalya
(D) Kaivalya, Avadhi, Manahparyava, Shruti, Mati

10. Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Kaivalya | i. Panchkosh |
| b. Jivan Mukti | ii. Buddhism |
| c. Nirvana | iii. Jainism |
| d. Anand | iv. Vedanta |
| | v. Islamic traditions |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | v |
| (B) | iii | v | ii | iv |
| (C) | v | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

11. Pedagogy of the oppressed is authored by
(A) Paulo Freire
(B) Bertrand Russell
(C) J. Krishnamurthy
(D) John Dewey

12. Ivan Illich is renowned for
(A) Life Long Learning
(B) Life Skill Education
(C) De Schooling Society
(D) Distance Education

13. Culture is not
(A) Constant flux
(B) Cummulative
(C) Primarily Materialistic
(D) Uneven in development

14. Life skill education is needed
(A) to adopt to one's own culture
(B) to enhance vocational efficiency
(C) to promote cultural integration
(D) to face the challenges in life effectively

15. Sanskritization is a process related with
(A) Social Control
(B) Social Stratification
(C) Social Mobility
(D) Social Change

16. Critically judge the following :
**Assertion (A) :** Education promotes peace and harmony.
**Reason (R) :** Democratic principles are practised in the classrooms.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) Only (A) is true.
(D) Only (R) is true.

17. Enculturation is the process of
(A) adopting the values of significant to others.
(B) imbibing one's own culture in one's personality.
(C) integrating the culture and traditions.
(D) accepting the customs and values of other cultures.

18. Critically judge the following :
**Assertion (A) :** Education is the key that unlocks the door to modernization.
**Reason (R) :** Development of technology facilitates interaction among people.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) Only (A) is true but (R) is false.
(D) Only (R) is true.

**9.** जैन ज्ञान-मीमांसा में ज्ञान की पाँच अवस्थाओं के पदानुक्रम पर विचार किया गया है, ज्ञान के विभिन्न स्तरों का निम्नलिखित में से कौन सा उपयुक्त क्रम है ?

(A) मति, श्रुति, मन:पर्याव, अवधि, कैवल्य

(B) श्रुति, मति, अवधि, मन:पर्याव, कैवल्य

(C) मति, श्रुति, अवधि, मन:पर्याव, कैवल्य

(D) कैवल्य, अवधि, मन:पर्याव, श्रुति, मति

**10.** सूची - I की मदों को सूची - II की मदों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. कैवल्य | i. पंचकोश |
| b. जीवन मुक्ति | ii. बौद्ध दर्शन |
| c. निर्वाण | iii. जैन दर्शन |
| d. आनन्द | iv. वेदान्त |
| | v. इस्लाम परम्परा |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | v |
| (B) | iii | v | ii | iv |
| (C) | v | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**11.** 'पेडागोजी ऑफ ऑप्रेस्ड' का लेखक कौन हैं ?

(A) पॉलो फ्रीरे (B) बर्ट्रेण्ड रसेल

(C) जे. कृष्णामूर्त्ति (D) जॉन डीवी

**12.** इवान इलिच किसके लिए विख्यात हैं ?

(A) आजीवन अधिगम

(B) जीवन कौशल शिक्षा

(C) डि-स्कूलिंग सोसाइटी

(D) दूरवर्ती शिक्षा

**13.** संस्कृति निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(A) निरन्तर प्रवाह

(B) संचयी

(C) प्राथमिक रूप से भौतिकवादी

(D) विकास में असमान

**14.** जीवन कौशल शिक्षा की आवश्यकता किस लिए है ?

(A) अपनी संस्कृति से अनुकूलन

(B) व्यावसायिक कार्यक्षमता बढ़ाना

(C) सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना

(D) जीवन में चुनौतियों का प्रभावशाली रूप में सामना करना

**15.** संस्कृतीकरण की प्रक्रिया किससे संबंधित है ?

(A) सामाजिक नियंत्रण

(B) सामाजिक स्तरीकरण

(C) सामाजिक गतिशीलता

(D) सामाजिक परिवर्तन

**16.** निम्नलिखित का विवेचनात्मक आकलन कीजिए :

**अभिकथन** (A) : शिक्षा शांति एवं सौहार्द्र को बढ़ावा देती है ।

**कारण** (R) : कक्षा में जनतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया जाता है ।

**कोड** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

(C) केवल (A) सही है ।

(D) केवल (R) सही है ।

**17.** संस्कृतिग्रहण किसकी प्रक्रिया है ?

(A) महत्त्वपूर्ण लोगों की संस्कृति को अपनाना ।

(B) अपने व्यक्तित्व में अपनी संस्कृति को हृदयंगम करना ।

(C) संस्कृति और परम्पराओं का एकीकरण करना ।

(D) अन्य संस्कृतियों की प्रथाओं और मूल्यों को स्वीकार करना ।

**18.** निम्नलिखित का विवेचनापूर्ण आकलन कीजिए :

**अभिकथन** (A) : शिक्षा, आधुनिकीकरण के दरवाजे को खोलने की कुंजी है ।

**कारण** (R) : प्रौद्योगिकी का विकास लोगों के बीच अन्योन्यक्रिया सुगम बनाती है ।

**कोड** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

(C) केवल (A) सही है , परन्तु (R) गलत है ।

(D) केवल (R) सही है ।

**19.** Names of the scholars are given in List – I with the field of study in List – II. Match them by arranging in the correct order :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Margret Mead | i. Cultural Lag |
| b. William Ogburn | ii. Culture and Adolescence |
| c. Verrier Elwin | iii. Sanskritization |
| d. M.N. Srinivas | iv. Tribalism |
| | v. Religion |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | iii | v |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | v |

**20.** Education as a sub-system of society helps

(A) to cater to the needs of knowledge society.

(B) to preserve the social customs and traditions.

(C) to transform society through scientific and technological advances.

(D) all of the above

**21.** Psychogy's major contribution to education lies in

(A) defining the goals for which teacher should strive.

(B) identifying potentially successful methods and procedures for teaching.

(C) providing scientific foundation for the art of teaching.

(D) comparing the relative effectiveness of various teaching procedures.

**22.** The determinants of individual differences in human being relate to

(A) differences in their environment only.

(B) differences in their heredity only.

(C) differences in their heredity and environment.

(D) an interaction between factors of heredity and factors of environment.

**23.** Which of the following characteristics is not true of divergent thinking ?

(A) Flexibility of ideas

(B) Novelty of ideas

(C) Correctness of ideas

(D) Fluency of ideas

**24.** Research has constantly demonstrated that the best single index for readiness for a given academic task is

(A) the IQ (Intelligence Quotient)

(B) the AQ (Achievement Quotient)

(C) the EQ (Emotional Quotient)

(D) the MA (Mental Age)

**25.** Which of the following is the correct sequence of motivational set ?

(A) Goal directed behaviour, attainment of goal, drive, satisfaction

(B) Drive, goal directed behaviour, attainment of goal, satisfaction

(C) Drive, satisfaction, attainment of goal, goal directed behaviour

(D) None of the above.

**26.** The basic reason why meaningful material is learned rapidly is that

(A) the learner is less likely to be bored

(B) it is related to previous experience of the learner

(C) it has continuity and meaning inherent in itself

(D) it permits more effective transfer

**19.** सूची - I में विद्वानों के नाम तथा सूची - II में अध्ययन के क्षेत्र दिए गए हैं । इन्हें सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. मार्ग्रेट मीड | i. संस्कृति अंतराल |
| b. विलियम ओगबर्न | ii. संस्कृति तथा किशोरावस्था |
| c. वेरियर एल्विन | iii. संस्कृतीकरण |
| d. एम.एन. श्रीनिवास | iv. जनजातिवाद |
| | v. धर्म |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | iii | v |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | v |

**20.** समाज की एक उप-व्यवस्था के रूप में शिक्षा किस प्रकार सहायता करती है ?

(A) ज्ञान-समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति में

(B) समाजिक रीति-रिवाजों और परम्पराओं को संरक्षित करने में

(C) वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय प्रगति के माध्यम से समाज के रूपान्तरण में

(D) उपर्युक्त सभी

**21.** शिक्षा में मनोविज्ञान का मुख्य योगदान किसमें निहित है ?

(A) उन लक्ष्यों को परिभाषित करना जिनकी प्राप्ति के लिये अध्यापक को प्रयास करना चाहिये ।

(B) अध्यापन की सशक्त रूप में सफल विधियों एवं प्रक्रियाओं की पहचान करना ।

(C) अध्यापन कला के लिये वैज्ञानिक आधार प्रदान करना ।

(D) विविध शैक्षिक प्रक्रियाओं की सापेक्षिक प्रभावशीलता की तुलना करना ।

**22.** मनुष्यों में व्यक्तिगत भिन्नताओं के निर्धारक तत्त्वों का सम्बन्ध है

(A) केवल उनके वातावरण में अंतर से

(B) केवल उनकी आनुवांशिकता में अन्तर से

(C) उनकी आनुवांशिकता तथा वातावरण दोनों में अन्तर से

(D) आनुवांशिकता के कारकों तथा वातावरण के कारकों के बीच अन्योन्यक्रिया से

**23.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिलक्षण अपसारी चिन्तन के लिये उपयुक्त नहीं है ?

(A) विचारों में नमनीयता

(B) विचारों में नवीनता

(C) विचारों में शुद्धता

(D) विचारों में प्रवाह

**24.** अनुसन्धान से यह बार-बार स्पष्ट हुआ है कि किसी दिये गये शैक्षिक कार्य में तत्परता का सर्वोत्तम एकल संसूचक है

(A) आई.क्यू. (बुद्धि लब्धि)

(B) ए.क्यू. (उपलब्धि सूचकांक)

(C) ई.क्यू. (भावुकता सूचकांक)

(D) एम.ए. (मानसिक आयु)

**25.** अभिप्रेरणा-परक सेट का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, सहज प्रवृत्ति, संतुष्टि

(B) सहज प्रवृत्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, संतुष्टि

(C) सहज प्रवृत्ति, संतुष्टि, लक्ष्य प्राप्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** सार्थक सामग्री को शीघ्रता से क्यों सीखा जा सकता है, इसका कारण यह है कि

(A) शिक्षार्थी के ऊबने की सम्भावना कम होती है ।

(B) इसका सम्बन्ध शिक्षार्थी के पूर्व अनुभव से होता है ।

(C) इसमें अविच्छिन्नता होती है तथा अर्थ अंतर्भूत होता है ।

(D) यह अधिक प्रभावी अंतरण का अवसर देता है ।

27. **Assertion (A) :** Training obtained in one situation A can be transferred to another situation B.

**Reason (R) :** It is because the two situation A and B are meaningful.

**Codes :**

(A) The Assertion (A) is true.

(B) The Reason (R) is true.

(C) Both the Assertion (A) and Reason (R) are true.

(D) The Assertion (A) is true but Reason (R) is not true.

28. A problem child is one who has

(A) an unsolved problem

(B) a poor heredity

(C) poor home environment

(D) an over protective parent

29. Latent learning is a concept enunciated by

(A) Hull (B) Piaget

(C) Tolman (D) Skinner

30. Punishment is a

(A) Negative reinforcer

(B) Positive reinforcer

(C) Not a reinforcer at all

(D) None of the above

31. **Assertion (A) :** Sometimes the school children becomes mischievous, explosive, rebellious or apathetic.

**Reason (R) :** It is because of the inappropriateness of work assigned or demands made.

**Codes :**

(A) Only Assertion (A) is true.

(B) Only the Reason (R) is true.

(C) The Assertion (A) is true but the Reason (R) is false.

(D) Both the Assertion (A) and Reason (R) are true.

32. In the final analysis, the key to motivation in the classroom is

(A) the interest inherent in the subject matter.

(B) the teacher's personality and his/her communication skills.

(C) the emotional climate of the classroom.

(D) the suitability of the curricular experiences.

33. What is Rorschach's projective test designed to measure ?

(A) Unconscious intentions

(B) Dreams

(C) Conscious desires

(D) All of the above

34. The concept of 'Arche type' was given by

(A) Freud (B) Arieti

(C) Wallas (D) Jung

35. The theory of Level – I and Level – II intelligence was propounded by

(A) Jenson (B) Guilford

(C) Cattel (D) Eysenck

36. A non-government organization conducted a study in a Gram Panchayat to see the impacts of campaign approach on enrolment and retention of rural elementary school children. This is an example of

(A) Descriptive Study

(B) Field Experiment

(C) Ex-post facto research

(D) Historical Research

37. An experimenter administered a pre-test on both experimental and control groups and found that the pre-test mean scores of the groups differ. Which of the following statistical techniques can address this difference in studying the impacts of independent variable ?

(A) Analysis of variance

(B) t-test

(C) Regression analysis

(D) Analysis of co-variance

27. **अभिकथन** (A) : एक स्थिति 'अ' में प्राप्त प्रशिक्षण को दूसरी स्थिति 'ब' में अंतरित किया जा सकता है ।

**कारण** (R) : क्योंकि वे दो स्थितियाँ 'अ' तथा 'ब' अर्थपूर्ण हैं ।

**कोड** :

(A) अभिकथन (A) सही है ।

(B) कारण (R) सही है ।

(C) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(D) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है ।

28. एक समस्या बालक वह है

(A) जिसके पास कोई न सुलझी समस्या हो ।

(B) जिसकी कमजोर आनुवंशिकता हो ।

(C) जिसका गृह-वातावरण कमजोर हो ।

(D) जिसके अभिभावक अति-संरक्षणात्मक हो ।

29. प्रच्छन्न अधिगम की संकल्पना का प्रतिपादक कौन हैं ?

(A) हल (B) पियाजे

(C) टॉलमैन (D) स्किनर

30. दण्ड एक

(A) नकारात्मक प्रबलक है ।

(B) सकारात्मक प्रबलक है ।

(C) कैसा भी प्रबलक नहीं है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं है ।

31. **अभिकथन** (A) : कभी-कभी विद्यालय के छात्र शरारती, उपद्रवी, विद्रोही अथवा विमुख हो जाते हैं ।

**कारण** (R) : ऐसा उन्हें अनुपयुक्त कार्य भार देने या उनसे अनुचित अपेक्षाएँ रखने के कारण होता है ।

**कोड** :

(A) केवल अभिकथन (A) सही है ।

(B) केवल कारण (R) सही है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

32. अंतिम विश्लेषण के रूप में कक्षा में अभिप्रेरणा की कुंजी क्या है ?

(A) विषयवस्तु में अंतर्निहित अभिरूचि

(B) अध्यापक का व्यक्तित्व तथा उसका सम्प्रेषण कौशल

(C) कक्षा का संवेगात्मक वातावरण

(D) पाठ्यचर्यापरक अनुभवों का औचित्य

33. रोशा का 'प्रक्षेपी परीक्षण' किसके मापन हेतु अभिकल्पित है ?

(A) अचेत प्रयोजन (B) स्वप्न

(C) सचेत अभिलाषा (D) उपर्युक्त सभी

34. 'आद्य प्ररूप' की संकल्पना किसकी देन है ?

(A) फ्रॉयड (B) अरीति

(C) वैलेस (D) युंग

35. स्तर I तथा स्तर II की बुद्धिमत्ता के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था ?

(A) जेन्सेन (B) गिलफर्ड

(C) कैटेल (D) आइसेंक

36. एक गैर-सरकारी संगठन ने, ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में नए छात्रों के नामांकन तथा पुराने छात्रों के विद्यालय-विरत नहीं होने पर अभियान उपागम के प्रभाव का अध्ययन किया । यह किसका उदाहरण है ?

(A) वर्णनात्मक अध्ययन

(B) क्षेत्र प्रयोग

(C) कार्योत्तर अनुसंधान

(D) ऐतिहासिक अनुसंधान

37. किसी प्रयोगकर्ता ने प्रयोगपरक तथा नियंत्रण समूह दोनों का पूर्व-परीक्षण किया तथा यह पता लगाया कि इन समूहों के पूर्व-परीक्षण के माध्य-प्राप्तांक में अंतर है । स्वतंत्र चरों के प्रभाव के अध्ययन में इस अंतर को जाँचने के लिए निम्नलिखित में से किस सांख्यिकीय प्रविधि का उपयोग किया जा सकता है ?

(A) प्रसरण का विश्लेषण

(B) टी-टेस्ट

(C) प्रतिगमन विश्लेषण

(D) सह-प्रसरण विश्लेषण

**38.** Sampling error can not be estimated when the researcher employs
(A) Simple random sampling
(B) Stratified random sampling
(C) Systematic sampling
(D) Quota sampling

**39.** Which of the following is not a non-probability sampling technique ?
(A) Snow-ball sampling
(B) Stratified random sampling
(C) Incidental sampling
(D) Purposive sampling

**40.** Which of the following variables is discrete ?
(A) Achievement
(B) Intelligence
(C) Aptitude
(D) Attribute

**41.** Which of the following is a non-parametric test ?
(A) t-test (B) F-test
(C) $\chi^2$-test (D) z-test

**42.** The range of coefficient of correlation between two variables is
(A) 0 to +1
(B) +1 to –1
(C) 0 to –1
(D) none of the above

**43.** The most stable measure of variability is
(A) Range
(B) Mean Deviation
(C) Standard Deviation
(D) Quartile Deviation

**44.** Which of the following falls under Inferential Statistics ?
(A) Arithmetic Mean
(B) Standard Deviation
(C) Harmonic Mean
(D) Analysis of Variance

**45.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Experimental | i. Criticism |
| b. Historical | ii. Control |
| c. Case study | iii. Interpretative |
| d. Ethnography | iv. Intensive |
| | v. Intuitive |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | v |
| (B) | i | ii | v | iii |
| (C) | iii | i | iv | v |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**46.** Research conducted by classroom teacher to improve spelling among students in English language is categorized as
(A) Pure Research
(B) Qualitative Research
(C) Quantitative Research
(D) Active Research

**47.** For conducting research in group dynamics, which of the following techniques can be used ?
(A) Anthropometry
(B) Biometry
(C) Geometry
(D) Sociometry

**48.** A study of the causes and consequences of India's freedom struggle movement falls under which of the following types of research ?
(A) Ex-post facto research
(B) Historical Research
(C) Correlational Research
(D) Phenomenological Research

**49.** Which of the following is a positional average ?
(A) Mean
(B) Median
(C) Mode
(D) None of the above

**50.** Test-retest is a method to determine
(A) Validity (B) Reliability
(C) Feasibility (D) Objectivity

**38.** निम्नलिखित में से किस अवस्था में प्रतिचयन त्रुटि का आकलन नहीं किया जा सकता ?
(A) सरल यादृच्छिक प्रतिचयन
(B) स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन
(C) व्यवस्थित प्रतिचयन
(D) कोटा प्रतिचयन

**39.** निम्नलिखित में से कौन एक अप्रायिकता प्रतिचयन प्रविधि नहीं है ?
(A) स्नोबॉल सैंपलिंग
(B) स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन
(C) सांयोगिक प्रतिचयन
(D) सप्रयोजन प्रतिचयन

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा चर विशेष रूप से असतत है ?
(A) उपलब्धि (B) बुद्धि
(C) अभिवृत्ति (D) लक्षण

**41.** निम्नलिखित में से कौन एक अ-प्राचलिक जाँच है ?
(A) टी-टेस्ट (B) एफ-टेस्ट
(C) $\chi^2$-टेस्ट (D) z-टेस्ट

**42.** दो चरों के बीच सहसंबंध के गुणांक का परिसर क्या है ?
(A) 0 से +1
(B) +1 से –1
(C) 0 से –1
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** प्रसरण का सर्वाधिक स्थायी माप क्या है ?
(A) रेंज
(B) माध्य विचलन
(C) मानक विचलन
(D) चतुर्थक विचलन

**44.** निम्नलिखित में से कौन एक आनुमानिक सांख्यिकी है ?
(A) अंकगणितीय माध्य
(B) मानक विचलन
(C) हरात्मक माध्य
(D) अनोवा

**45.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|---|
| a. | प्रयोगमूलक | i. आलोचना |
| b. | ऐतिहासिक | ii. नियंत्रण |
| c. | केस अध्ययन | iii. व्याख्यात्मक |
| d. | नृजाति-वर्णन | iv. गहन |
| | | v. अंत:प्रज्ञात्मक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | v |
| (B) | i | ii | v | iii |
| (C) | iii | i | iv | v |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**46.** छात्रों की वर्तनी में सुधार हेतु शिक्षक द्वारा कक्षा में संचालित शोध किस वर्ग में आता है ?
(A) विशुद्ध शोध/अनुसंधान
(B) गुणात्मक शोध/अनुसंधान
(C) परिमाणात्मक शोध/अनुसंधान
(D) क्रियानिष्ठ शोध/अनुसंधान

**47.** समूह गतिकी में अनुसंधान कार्य का संचालन किसके अंतर्गत आएगा ?
(A) मानवमिति (B) जीवमिति
(C) ज्यामिति (D) समाजमिति

**48.** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कारणों तथा नतीजों का अध्ययन किस प्रकार के अनुसंधान के अंतर्गत रखा जाएगा ?
(A) कार्योत्तर अनुसंधान
(B) ऐतिहासिक अनुसंधान
(C) सहसंबंधपरक अध्ययन
(D) घटनाविज्ञान संबंधी अध्ययन

**49.** निम्नलिखित में से कौन स्थानाश्रित औसत है ?
(A) माध्य
(B) माध्यिका
(C) बहुलक
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** टेस्ट-रीटेस्ट किसके निर्धारण की विधि है ?
(A) वैधता
(B) विश्वसनीयता
(C) व्यवहार्यता
(D) वस्तुनिष्ठता

**Space For Rough Work**